**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1886**
**02 अगस्त, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**आंध्र प्रदेश व्यापक कैंसर परिचर्या परियोजना**

**1886. श्री अप्पलनायडू कलिसेट्टी:**
**श्री श्रीभरत मतुकुमिल्लि:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश व्यापक कैंसर परिचर्या (एपीसीसीसी) परियोजना के तहत आवंटित/वितरित कुल धनराशि जिला-वार/वर्ष-वार कितनी है;

(ख) एपीसीसीसी परियोजना के तहत बुनियादी ढांचे के विकास की स्थिति क्या है, जिसमें आंध्र प्रदेश के जिला अस्पतालों में ऑन्कोलॉजी विभाग, कीमोथेरेपी केंद्र स्थापित करने और चिकित्सा उपकरणों की खरीद की प्रगति शामिल है, तथा आज तक वर्ष-वार/जिला-वार निधि उपयोग का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या स्वीकृत परियोजनाओं के कार्यान्वयन में कोई चुनौतियां/विलंब सामने आया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) आंध्र प्रदेश राज्य में गर्भाशय ग्रीवा, योनि-मुख और योनि कैंसर के खिलाफ टीकाकरण के लिए विशेष रूप से राजसहायता या वित्तीय सहायता की उपलब्धता का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) राज्य सरकार द्वारा गत तीन वर्षों के दौरान व्यापक पहुंच और कवरेज सुनिश्चित करने के लिए राज्य की स्वास्थ्य देखभाल पहलों में गर्भाशय ग्रीवा, योनि-मुख और योनि कैंसर के खिलाफ टीकाकरण को शामिल करने के लिए कौन से कदम उठाए गए/उठाए जाने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) से (ग): "स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, राष्ट्रीय गैर-संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) के तहत कैंसर की विशिष्ट परिचर्या के लिए सुविधाकेंद्रों को बढ़ाने हेतु विशिष्ट परिचर्या कैंसर केंद्र सुविधा स्कीम को सुदृढ़ करने का कार्य कर रहा है, जो कि एनएचएम के तहत एक केंद्रीय प्रायोजित योजना है। इस योजना के तहत राज्य कैंसर संस्थान (एससीआई) के लिए 120 करोड़ रु. और विशिष्ट परिचर्या कैंसर केंद्र (टीसीसीसी) के लिए 45 करोड़ रु. तक की वित्तीय

सहायता प्रदान की जाती है, जिसमें राज्य का भाग शामिल है। केंद्र और राज्य के बीच निधि साझा करने का अनुपात 60:40 है जबकि पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों के लिए यह अनुपात 90:10 है। उक्त योजना के तहत 19-एससीआई और 20-टीसीसीसी को स्वीकृति दी गई है।

आंध्र प्रदेश में, राज्य के भाग सहित 120 करोड़ रु. की लागत से कुरनूल मेडिकल कॉलेज, कुरनूल में एससीआई की स्थापना को स्वीकृति दी गई है। 72 करोड़ के केंद्रीय हिस्से में से (अनुमोदित लागत का 60%), 54 करोड़ रु. जारी किए जा चुके हैं। आंध्र प्रदेश सरकार ने सूचित किया है कि आधारभूत संरचना का कार्य पूरा हो चुका है।

(घ) और (ङ): जून, 2022 में, राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समूह (एनटीएजीआई) ने टीकाकरण हेतु सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) में एचपीवी वैक्सीन की शुरूआत की सिफारिश की थी, जिसमें 9-14 वर्ष की आयु वाली किशोरियों के लिए एकबारगी टीकाकरण की शुरुआत की जाएगी और उसके बाद 9 वर्ष की आयु में नियमित टीकाकरण किया जाएगा। अंतरिम बजट घोषणा (2024) के अनुसार, भारत सरकार सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए 9 से 14 वर्ष की आयु की किशोरियों हेतु टीकाकरण को प्रोत्साहित करेगी।

******